भारत सरकार /GOVERNMENT OF INDIA
कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय /Ministry Of Agriculture And Farmers Welfare
कृषि एवं किसान कल्याण विभाग/Department Of Agriculture And Farmers Welfare
केन्द्रीय कृषि मशीनरी प्रशिक्षण एवं परीक्षण संस्थान/CENTRAL FARM MACHINERY TRAINING & TESTING INSTITUTE
ट्रैक्टर नगर, बुदनी (म0प्र0)/TRACTOR NAGAR, P.O., BUDNI (M.P.) 466445
Website:http://www.fmttibudni.gov.in Email: fmti-mp@nic.in Tel:07564-299003 GSTIN:23AAAGC0890H1ZS
(AN ISO-9001:2015 CERTIFIED INSTITUTE)

File No. 1-1/2022- फार्म उपज निपटान

Dated: 28.12.2022

## निविदा सूचना
## कृषि उपज की नीलामी

केन्द्रीय कृषि मशीनरी प्रशिक्षण एवं परीक्षण संस्थान, ट्रैक्टर नगर, बुदनी (म.प्र.) द्वारा विहित निविदा प्रपत्र पर जहाँ है जैसा है के आधार पर मोहरबंद निविदाएं आमंत्रित की जाती है।

| क्रमांक | विवरण | मात्रा (लग.) | धरोहर राशि (रु.) |
|---|---|---|---|
| 1. | धान - सहभागी | 140 क्विंटल लगभग | ₹15000/- डिमाण्ड ड्राफ्ट |
| 2. | धान PB-1637 | 260 क्विंटल लगभग | |

इच्छुक फर्म एवं खरीददार जो उपर्युक्त धान खरीदना चाहते हैं तो वे प्रपत्र (फार्म) केन्द्रीय कृषि मशीनरी प्रशिक्षण एवं परीक्षण संस्थान, ट्रैक्टर नगर, बुदनी (म.प्र.) की बेवसाईट www.fmttibudni.gov.in से डाउनलोड कर सकते है। डाउनलोड किए निविदा फार्म के साथ रूपये 15000/- का डिमांड ड्राफ्ट जो निदेशक, के.कृ.म.प्र.प. संस्थान बुदनी (म.प्र.) के नाम जो स्टेट बैंक ऑफ इण्डिया, होशंगाबाद (IFSC Code SBIN0000383) में देय हो, लगाना होगा। मोहरबंद निविदा व लागू धरोहर निधि का डिमांड ड्राफ्ट बंद लिफ़ापे में दिनांक 23.01.2023 को दोपहर 12:30 बजे तक निविदा बाक्स में डाल सकते है, या डाक के द्वारा भेज सकते है इसके बाद प्राप्त (व्यक्तिगत/डाक) निविदा पर विचार नहीं किया जावेगा। सभी प्राप्त निविदाऐं दिनांक 23.01.2023 को दोपहर २:०० बजे निविदाकर्ताओं की मोजूदगी में खोली जाएगी तथा उन्हें पहचान पत्र एवं पता से संबंधित कागजात आधार कार्ड, वोटर आईडी प्रस्तुत करना अनिवार्य है।

- निविदाकर्ताओं को कोविड-19 की गाइड लाईन के अनुसार संस्थान में प्रवेश दिया जाएगा।
- संस्थान के निदेशक महोदय को किसी भी निविदा को स्वीकार अथवा अस्वीकार करने का अधिकार होगा।

(ए.के. उपाध्याय)
वरिष्ठ कृषि अभियंता
कृते निदेशक

STA (R)

**वितरणः**

1. सभी सूचना पट्टः कार्यालय/प्रशिक्षण/परीक्षण/फार्म/कॉलोनी गेट।
2. वरिष्ठ उपकरण अभियंताः कृपया संस्थान की बेवसाईट पर अपलोड करने बावत्।
3. प्रतिलिपिः निदेशक महोदय को सादर सूचनार्थ।

# निविदा की शर्तें

दिनांक 23.01.2023 को आयोजित **धान उपज की** नीलामी की प्रमुख शर्तें निम्न प्रकार होगी।

मोहरबंद निविदा शर्तेः–

1. निविदा केवल विहत प्रपत्र (फार्म) पर भरकर लिफाफे के बाहर स्पष्ट रूप से **"धान की नीलामी** के लिए निविदा" **लिख** कर केन्द्रीय कृषि मशीनरी प्रशिक्षण एवं परीक्षण संस्थान, ट्रैक्टर नगर, बुदनी (म.प्र.)–466445 को रजिस्टर्ड डाक/स्पीड पोस्ट द्वारा भेजी जा सकती है अथवा स्वयं **टेण्डर बॉक्स** में जमा कर सकते हैं। भरी हुई निविदा दिनांक 23.01.2023 को दोपहर 12:30 बजे तक अवश्य पहुंच जाना चाहिए। इसके पश्चात् प्राप्त होने वाली निविदाओं पर कोई विचार नहीं किया जाएगा। निविदा, दिनांक 23.01.2023 को निविदाकर्ताओं के समक्ष दोपहर 2:00 बजे खोली जाएगी।
2. जमानत/सुरक्षा राशि का क्रास डिमाण्ड ड्राफ्ट, जो निदेशक सी.एफ.एम.टी.टी.आई. बुदनी के नाम पर **एस. बी. आई.** होशंगाबाद (IFSC Code SBIN0000383) में देय हो **फार्म के साथ बंद लिफापे में जमा करना होगा।**
3. नीलामी में भाग लेने वाले निविदाकर्ता अपने साथ में वोटर कार्ड/आधार कार्ड/**पैन कार्ड** में से कोई भी एक छाया प्रति साथ में अवश्य लाना होगा ।
4. मोहरबंद निविदा दिनांक 23.01.2022 को दोपहर 2:00 बजे इच्छुक निविदाकर्ताओं के समक्ष नीलामी **सभा भवन** में खोली जाएगी। सामान्यतः प्रथम उच्चतम निविदाकर्ता की निविदा स्वीकार की जाती है तो उन्हें निविदा राशि का 50 प्रतिशत अग्रिम भुगतान ऑनलाइन पोर्टल https://bharatkosh.gov.in पर जमा करना होगा तथापि यदि संस्थान द्वारा उसकी निविदा स्वीकार नहीं की जाती है तो उच्चतम निविदाकर्ता से उचित निविदा मूल्य के लिए निगोशियेशन किया जा सकता है। प्रथम उच्चतम निविदाकर्ता को तुरंत कार्यालय आदेश की तिथि से **दस दिन** के **अंदर** पूरी विक्रय राशि जमा कराकर माल को उठाने की स्वीकृति प्रदान की जाएगी।
5. दिनांक 02.02.2023 तक प्रथम उच्चतम निविदाकर्ता संबंधित सामग्री की विक्रय राशि जमा कराकर सामग्री उठाने में असमर्थ रहता है तो संस्थान को उनकी उच्चतम निविदा को निरस्त कर जमानत राशि एवं 25 प्रतिशत अग्रिम भुगतान **जब्ती कर** शासकीय खजाने में जमा करने का अधिकार होगा। तत्पश्चात् द्वितीय निविदाकर्ता को उनकी प्रस्तावित निविदा राशि पर सामग्री विक्रय करने पर विचार किया जा सकता है या उनसे उचित निविदा मूल्य के लिए निगोशियेशन किया जा सकता है, उसके उपरांत उन्हें भी संशोधित आदेश के द्वारा राशि जमा कर सामग्री उठाने की सूचना दी जावेगी। अन्यथा उच्चतम निविदाकर्ता द्वारा सामग्री क्रय करने के पश्चात् तुरंत द्वितीय उच्चतम निविदाकर्ता की जमानत राशि को लौटाया जाएगा।
6. निविदाकर्ता द्वारा **अपनी क्रय उपज** को किसी भी दूसरे व्यापारी/ठेकेदार को देने का अधिकार नहीं होगा यदि वह ऐसा करता है तो उनके द्वारा जमा की गई राशि व जमानत राशि जब्त कर ली जाएगी।
7. यह संस्थान सूचना के अधिकार अधिनियम, 2005 के अर्न्तगत आता है। अतः इसके अनतर्गत सभी संबंधित जानकारी आवश्यकता पड़ने पर सफल बोलीकर्ता को उपलब्ध करवाना होगा ।
8. निलामी के बाद फसल की सुरक्षा की जिम्मेदारी स्वंय निविदाकर्ता की होगी फसल को किसी भी प्रकार की क्षति जैसे अग्नि से जलना, अथवा अन्य अप्रिय घटना की जिम्मेदारी संस्थान के अधिकारी/कर्मचारियों की नहीं होगी इस संबंध में कोई भी शिकायत मान्य नहीं होगी
9. नीलामी की सूचना **व निविदा प्रपत्र** संस्थान के बेबसाइट fmttibudni.nic.in **से डाऊनलोड कर** सकते है।
10. फसल निलामी की राशि सफल निविदाकर्ता को भारत कोश में सीधे जमा करानी होगी । कोई **भी** निलामी की राशि नगद नहीं ली जायेगी ।
11. इस संबंध में किसी भी विवाद की स्थिति में इस संस्थान के निदेशक के पास सभी अधिकार सुरक्षित है उनका निर्णय अंतिम माना जाएगा। विवाद की स्थिति में न्याय क्षेत्र माननीय न्यायालय बुदनी (मप्र) होगा।
12. **क्रयकर्ता को स्वंय धान भराई/ तुलाई की व्यवस्था करना होगी। धान की** दी गई मात्रा अनुमानित है। **उपज को** किसी भी कार्य दिवस में प्रातः 09:00 बजे से सायं 05:00 बजे तक (शनिवार, रविवार एवं अवकाश के दिन छोड़कर) देखा जा सकता है।

संस्थान के निदेशक महोदय को किसी भी निविदा को स्वीकार अथवा अस्वीकार करने का अधिकार होगा।

मुझे उपरोक्त शर्तें मंजूर है

**दिनांक** .............

निविदाकर्ता के हस्ताक्षर

# निविदा–प्रपत्र

निदेशक,
केन्द्रीय कृषि मशीनरी प्रशिक्षण एवं परीक्षण संस्थान,
ट्रैक्टर नगर, बुदनी (म.प्र.) 466445

महोदय,

आपकी निविदा सूचना संख्या 1–1/2022– फार्म उपज निपटान दिनांक...............................के संदर्भ में **धान की उपज** को क्रय करने और उठाने के लिए मैं निम्नलिखित **विवरण एवं** मूल्य प्रस्तुत कर रहा हूँ।

| | | |
|---|---|---|
| 1. | निविदाकर्ता का नाम | |
| 2. | पता | |
| 3. | पेन नं. | |
| 4. | आधार कार्ड नं. | |
| 5. | सुरक्षा निधि रु. 15000/- का डिमाण्ड ड्राफ्ट नं. | |
| 6. | डिमाण्ड ड्राफ्ट दिनांक | |

| क्रमांक | विवरण | दर (रु.) प्रति क्विंटल (100kg) अंको व शब्दों में |
|---|---|---|
| 1 | धान - सहभागी | |
| 2 | धान PB-1637 | |

उपर्युक्त निविदा के लिए मेरे द्वारा प्रस्तुत निविदा मूल्य स्वीकृत **होते है तो मैं** निविदा **सूचना व प्रपत्र में दी गई सभी** शर्तों का अनुपालन करूँगा। **उपरोक्त जानकारी मेरे विश्वास के अनुसार पूर्ण रूप से सत्य है।**

**दिनांक.............................................**

**निविदाकर्ता के हस्ताक्षर**

**या**

**अधिकृत हस्ताक्षरकर्ता (यदि फर्म हो)**

**संलग्नः– आधार कार्ड/पैन कार्ड की कॉपी**